

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**अमिताभ हाईएस्ट टैक्स भरने वाले सेलिब्रिटी बने**


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 43 ■ अंक : 15 ■ बुधवार, 19 मार्च 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# अंबरनाथ पूर्व में चॉकलेट से भरा ट्रक पलटा



- कर को भी टक्कर मारी
- पंचनमा किए बिना ट्रक का माल पुलिस ने खाली करने दिया

▸ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में लोक नगरी सड़क के मोड पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक खड़ी कार को जोरदार टक्कर मार कर ट्रक पलटी हो गया. इस ट्रक में चॉकलेट से भरे हुए बड़े-बड़े सैकड़ों डब्बे थे. यह ट्रक नंबर एमएच 05डीके 4010 विठ्ठलवाड़ी से चॉकलेट के डब्बे लोड करके अंबरनाथ पूर्व में आनंद नगर एमआईडीसी में एक कंटेनर में लोड करने जा रहा था. लोक नगर सड़क के मोड़ पर ट्रक बेकाबू हो गया और पास में खड़ी एक कर को टक्कर मारकर ट्रक उलट गया. ट्रक चालक घायल हो गया है लेकिन पुलिस यह नहीं बता रही है कि उसका उपचार कहां चल रहा है. कार चालक कार को सड़क के किनारे खड़ा करके पानी पीने के लिए चला गया था इसलिए वह बच गया है.

उसने अपने बयान में पत्रकारों को बताया कि ट्रक चालक तेजी से ट्रक चला रहा था. इसलिए वह ट्रक को काबू में नहीं कर सका और दुर्घटनाग्रस्त हो गया. शिवाजी नगर पुलिस थोड़ी देर के बाद घटनास्थल पर पहुंची, दुर्घटना का पंचनामा किए बिना ट्रक में रखे चॉकलेट के डब्बे मजदूरों ने पुलिस के समक्ष ही खाली करना शुरू कर दिया. इसलिए पुलिस के कार्य क्षमता पर प्रश्न उठ रहे हैं. यह लोग सोच रहे हैं कि इस दुर्घटना के मामले में ट्रक चालक पर अपराध दर्ज होता भी है या नहीं?

# उल्हासनगर में भीषण जलसंकट

- समस्या और भी बदतर होने की आशंका
- महानगर पालिका MIDC पर निर्भर
- घटिया काम के कारण हजारों लीटर पानी बर्बाद

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगर पालिका ने वर्षों से चली आ रही पानी की कमी को दूर करने के लिए 400 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं। हालाँकि, शहर के निवासियों को अभी भी पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मियां अभी शुरू ही हुई हैं और आने वाले दिनों में यह समस्या और भी बदतर हो सकती है। महानगरपालिका के पास अपनी स्वयं की जल आपूर्ति योजना नहीं है, इसलिए महानगरपालिका एमआईडीसी पर निर्भर है। आठ लाख से अधिक की आबादी, घरेलू और लघु उद्योग, कारखाने, बाजार और होटलों के कारण शहर में पानी की मांग अधिक है। हालाँकि, आपूर्ति तुलनात्मक रूप से अपर्याप्त और असमान है। पिछले कई वर्षों से मनपा प्रशासन शहर में टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति कर रहा है। हालाँकि, टैंकर लॉबी तैयार हो गई और होटलों, कारखानों और अन्य व्यवसायों के लिए बड़ी मात्रा में पानी बेचा जाने लगा. इसके अलावा, राजनीतिक नेताओं के हस्तक्षेप के कारण कुछ वार्डों को अधिक पानी उपलब्ध कराया गया, जबकि अन्य वार्ड पानी से



वंचित रह गए। इस असमान वितरण के कारण अक्सर शहर में बहस और झड़पें होती थीं।

शहर की जलापूर्ति योजना में प्रशासन, ठेकेदारों और राजनीतिक नेताओं की निष्क्रियता के कारण नागरिकों को पानी के लिए करोड़ों रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। पानी की आपूर्ति अनियमित है, कुछ क्षेत्रों में 4 से 6 घंटे पानी मिलता है, जबकि कुछ स्थानों पर आधे घंटे भी पानी नहीं आता है! नई पाइपलाइनों के निर्माण के बावजूद लीकेज और घटिया काम के कारण हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। उल्हासनगर शहर को प्रतिदिन 140 एमएलडी पानी की आपूर्ति होने के बावजूद, टैंकर लॉबी, राजनीतिक हस्तक्षेप और प्रशासनिक ढिलाई के कारण नागरिक पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। महानगर पालिका, ठेकेदार और जनप्रतिनिधि एक-दूसरे पर आरोप लगाते रहते हैं, जबकि आम लोग परेशान हैं।

## न सड़कें बनीं और न ही मिला पानी....

शहर में पानी की कमी को दूर करने के लिए, केंद्र सरकार की जवाहरलाल नेहरू शहरी नवीकरण योजना के तहत कोणार्क कंपनी को एक नई जलापूर्ति योजना का ठेका दिया गया था। यह योजना शुरू में 178 करोड़ रुपये की थी। हालांकि, ठेकेदार की मांग के अनुसार यह राशि 400 करोड़ रुपये से अधिक हो गई। इसमें 270 किलोमीटर नई पाइप लाइन बिछाने का काम भी शामिल था, लेकिन काम की गुणवत्ता खराब थी। सड़कें खोदी गईं और पानी के लिए लाइन बनाई गईं, लेकिन उन सड़कों को पक्का नहीं



किया गया, जिससे दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ गई। कार्य की गुणवत्ता को लेकर कई शिकायतें होने के बावजूद ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। मनपा प्रशासन ने पाइपलाइन की मरम्मत के लिए 88 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया था। हालांकि, शहर के श्रमिक संगठनों ने इसका विरोध करते हुए आरोप लगाया कि इस निविदा में एक विशेष ठेकेदार को लाभ पहुंचाने की साजिश है। इस निर्णय के खिलाफ महानगरपालिका के सामने क्रमिक भूख हड़ताल की गई, जिसके कारण अंततः महानगरपालिका को अनुबंध रद्द करना पड़ा।

### जलापूर्ति सुचारू करने के लिए प्रतिबद्ध



शहर में जलापूर्ति सुचारू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रत्येक नागरिक को पानी मिलना चाहिए और यह उनका अधिकार है। मैंने अधिकारियों को शहर में सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पानी की पाइपों से रिसाव को रोकने के लिए भी उपाय किए जाएंगे।

**– मनीषा आव्हाले, आयुक्त,** उल्हासनगर महानगरपालिका

# उल्हासनगर में मानसून से पहले वालधुनी नदी की सफाई



**उल्हासनगर.** हर साल मानसून से पहले महानगर पालिका द्वारा वालधुनी नदी सहित बड़े और छोटे नालों की जेसीबी मशीनों से सफाई की जाती है। हालांकि, इस वर्ष गर्मियों के मध्य में जेसीबी मशीनों का उपयोग करके वालधुनी नदी की सफाई की जा रही है, तथा नदी तल से निकाली गई गाद और कचरे को उठाया जा रहा है।

ऐसा कहा जाता है कि शहर के मध्य से बहने वाली वालधुनी नदी शहर के लिए वरदान नहीं बल्कि अभिशाप है। जैसे-जैसे नदी का तल गाद और प्लास्टिक कचरे से अवरुद्ध होता गया, तट पर रहने वाले नागरिकों को नदी की आपदा से पीड़ित होना पड़ा। आयुक्त मनीषा आव्हाले ने कहा कि नदी प्रदूषण से नागरिकों के स्वास्थ्य पर असर नहीं पड़ना चाहिए। इसी कारण मानसून से पहले नदी की सफाई का निर्णय लिया गया। उल्हासनगर रेलवे स्टेशन, संजय गांधीनगर, रेणुका सोसाइटी, वडोलगांव आदि क्षेत्रों में जेसीबी मशीनों का उपयोग करके नदी की सफाई की जा रही है। नदी की सफाई होने से नदी प्रदूषण और आपदाएं नहीं फैलेंगी।

मनपा जेसीबी मशीनों का उपयोग करके नदी से कचरा और गाद हटा रहा है तथा शहर के सीवेज को नदी में मिलने से रोकने के लिए एक सीवेज उपचार संयंत्र स्थापित किया गया है। नागरिकों को नदी में कचरा और प्लास्टिक की थैलियां नहीं फेंकनी चाहिए। उपायुक्त अजय साबले और स्वास्थ्य विभाग प्रमुख विनोद केनी ने बताया कि मनपा की ओर से ऐसी अपील की जा रही है।

# 29 मार्च को चेटीचंड महाबाइक रैली का आयोजन

- बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील

**उल्हासनगर।** सिंधी समाज के नववर्ष चेटीचंड के महापर्व पर उल्हासनगर शहर में महाबाइक रैली का आयोजन शनिवार 29 मार्च 2025 को सुबह 10 बजे उल्हासनगर-1 स्थित रिसेंजी एंटीलिया से उल्हासनगर-5 जय झुलेलाल प्रवेश द्वार तक किया गया है। ज्ञात हो कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चेटीचंड महापर्व से एक दिन पूर्व महाबाइक का आयोजन




उल्हासनगर-1 स्थित रिजेंसी एंटीलिया से किया जाता है। यह रैली रिसेंजी एंटीलिया से बिर्ला गेट, उल्हासनगर-1 बस स्टैंड से गोल मैदान निरंकारी हॉल, नेहरू चौक, फर्निचर बाजार, शिवाजी चौक, शास्त्री चौक सेक्शन 17, हीरा घाट, पवाई चौक, उल्हासनगर-4 मेन बाजार, शहीद हेमू कालानी चौक सेक्शन 25, नेताजी चौक, गांधी रोड, उल्हासनगर-5 मुख्य बाजार, चालाही साहेब, दूध नाका से होते हुए कैलाश कालोनी स्थित जय झूलेलाल प्रवेश द्वार तक संपन्न




होगी। इस महाबाइक रैली में शामिल होने की अपील महेश सुखरामानी, भारत गंगोत्री, शंकर नागरानी, हीरो बोधा, अनिल बठिजा, सोनू विशनानी आदि कमेटी सदस्यों व कार्यकर्ताओं ने की है।

इस रैली में सिंधी समाज के सभी सामाजिक संस्थाओं जिसमें व्यापारी संघटन, वरिष्ठ नागरिक, डांस क्लब, योगा क्लब, कोरेके क्लब, सिंधी कलाकार व सिंधी समाज के सभी भाई बहनों से इसमें बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

## 12 गोदाम तथा 2 कंपनियों को नपा ने किया सील

**अंबरनाथ.** नपा के अधिकारियों ने 12 गोदामों तथा स्थानीय आनंद नगर एमआईडीसी परिसर स्थित 2 कंपनियों को सील किया है.

अंबरनाथ नपा के नवनियुक्त मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ ने चार्ज संभालते ही नपा के गृहकर महकमे की मीटिंग ली तथा बकायादारों से वसूली करने के आदेश दिए. नपा के कर अधिकारी नरेंद्र संखे, कर निरीक्षक प्रशांत राणे की टीम ने अंबरनाथ पूर्व स्थित गेमनानी कंपाउंड में 12 गोदामों को सील किया.

# होली के दिन गुंडागर्दी करने वाले 4 गिरफ्तार



- पत्थरों और डंडों से की पिटाई
- सुभाष टेकड़ी की घटना



होल पर्व पर अभय गायकवाड़, किशोर वाकडे और जय डांगे शाम 4 बजे के करीब उल्हासनगर 4 के सुभाष टेकड़ी चौक क्षेत्र से गुजर रहे थे तभी वहां होली खेल रहे आरोपी अजीत बलवंत पाल, ज्ञानबाबू रामदुलारे पाल, कन्हैयालाल लूणाराम नाई, सुरेन्द्र धनाराम भार्गव ने अभय की कार रोकने की कोशिश की. दोनों के बीच मामूली बात को लेकर तूतू मैंमैं हो गई। इस पर आरोपियों ने अभय के सिर पर बुरी तरह से वार किया और उसके साथ मौजूद उसके दोस्तों को भी पीटा गया. दोनों को बांस और पत्थरों से पीटा गया. हमले में अभय बुरी तरह घायल है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी अजीत बलवंत पाल, ज्ञानबाबू रामदुलारे पाल, कन्हैयालाल लूणाराम नाई, सुरेन्द्र धनाराम भार्गव को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू की है।

# पेड़ों के लिए वरदान साबित हुई मिस्ट फॉगर मशीन

- धूल पर पानी का छिड़काव के साथ पौधों को पानी दे रही मशीनें

**उल्हासनगर.** विकास कार्यों के कारण शहर में उत्पन्न धूल ने नागरिकों के लिए स्वास्थ्य समस्या पैदा कर दी है। इसके समाधान के रूप में मनपा ने धूल पर पानी का छिड़काव करने के लिए दो मिस्ट फॉगर मशीनें खरीदी हैं, तथा इन मशीनों का उपयोग पेड़ों को पानी देने और धोने के लिए किया जाता है। मनपा अधिकारियों ने बताया कि फॉगर मशीन के टू-इन-वन के रूप में काम करने से हजारों पेड़ों को जीवनदान मिला है।

उल्हासनगर में कई विकास कार्य चल रहे हैं, जिनमें 423 करोड़ रुपये की भूमिगत सीवरेज परियोजना, 103 करोड़ रुपये की जल वितरण परियोजना और एमएमआरडीए के तहत 150 करोड़ रुपये की निधि से सात मुख्य सड़कों का निर्माण शामिल है। इस विकास कार्य के कारण पूरे शहर में धूल का माहौल बन गया है, तथा



धूल को हटाने के लिए नगर निगम ने दो मिस्ट फॉगर मशीनें खरीदी हैं।

यह फॉगर मशीन सड़क पर पानी का छिड़काव करने का काम कर रही थी। हालाँकि, पिछले कुछ महीनों से सड़क के डिवाइडर के किनारे लगे पेड़ों को पानी देने के लिए मिस्ट फॉगर मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। सड़क के किनारे और सड़क के डिवाइडरों पर लगे पेड़ों को धोने के लिए भी मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। एक ओर भारी मात्रा में उड़ रही धूल को हटाने के बजाय मशीनों से पेड़ों को पानी देने और धोने के लिए मनपा प्रशासन की आलोचना हो रही है।

शहर में धूल के स्तर को कम करने के लिए मिस्ट फॉगर मशीन खरीदी गई। परिवहन विभाग के प्रमुख विनोद केनी ने बताया कि यह मशीन वास्तव में सड़क के डिवाइडर में लगे पेड़ों को पानी देने और सड़क के किनारे लगे पेड़ों को धोने का दोहरा काम कर रही है।

मनपा ने शहर को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने के लिए मानसून सीजन के दौरान सड़कों के किनारे और सड़क के डिवाइडरों पर हजारों पेड़ लगाने पर लाखों रुपये खर्च किए। हालांकि, पानी की कमी के कारण हजारों पेड़ जल गए क्योंकि पेड़ों को समय पर पानी नहीं मिला। ऐसे पेड़ों को जीवन देने के लिए मिस्ट फॉगर मशीनों का उपयोग किया जा रहा है।

# अंबरनाथ में क्रिकेट मुकाबले के लिए मैदान उपलब्ध कराया जाए

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर के क्रिकेट प्रेमियों ने मंगलवार को मुख्य अधिकारी से भेंट करके कहा है कि उन्हें क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करना है. उन्हें क्रिकेट के लिए मैदान उपलब्ध करा कर दे. अंबरनाथ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पूर्व नगर सेवक उमेश पाटिल के नेतृत्व में दर्जनों खेल प्रेमियों ने मुख्य अधिकारी उमाकांत गायकवाड से भेंट की. उमेश पाटिल ने मुख्य अधिकारी को बताया कि वह हर वर्ष क्रिकेट मुकाबले का आयोजन पहले विमको नाका मैदान में, फातिमा स्कूल मैदान में, बाद में नेताजी स्टेडियम मैदान में करते थे. लेकिन स्टेडियम का काम शुरू होने के कारण मैदान का ज्यादातर भाग खोदा गया है. बचे हुए मैदान में क्रिकेट मुकाबले का आयोजन करने दिया जाए. क्योंकि विमको नाका मैदान भी अब आईटीसी के कब्जे में आ गया है और फातिमा स्कूल ने किसी कारण से मैदान को खेलने के लिए देना बंद कर दिया है. दोनों मैदाने के बंद होने से अब नेताजी मैदान के बचे हुए भाग में उन्हें क्रिकेट मुकाबले का आयोजन करने देने की मांग उमेश पाटिल ने की है. उन्होंने यह भी कहा है कि शहर में अब खेल के मैदान नहीं रह गए हैं. मुख्य अधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह जल्द ही मैदान के संबंध में कोई कदम उठाकर उन्हें खबर करेंगे. उमेश पाटिल ने कहा है कि 2 महीने पूर्व हमें नगर परिषद को इस संबंध में निवेदन भी दिया है. अगर क्रिकेट खेल के लिए नपा प्रशासन ने उन्हें मैदान उपलब्ध नहीं कर कर दिया तो वह खेल प्रेमियों के साथ में लेकर आंदोलन छोड़ देंगे. मुख्याधिकारी से भेंट करते समय कमेटी के रफीक खान, उदय अहीर, नईम शेख, मैगी, बंटी आदि 40 युवक उपस्थित थे.

# शहर को कालू बालू के ढाबे पर बैठकर चलाया नहीं जा सकता

## अरविंद वालेकर ने विरोधकों को मारा टोला




**अंबरनाथ.** कालू बालू के ढाबे पर बैठकर अंबरनाथ शहर को चलाया नहीं जा सकता. उसके लिए बाजुओं में दम होना चाहिए. किसी का नाम ना लेते हुए ऐसी बात अंबरनाथ शिवसेना शहर अध्यक्ष एवं शिवजयंती उत्सव समिति ने अध्यक्ष अरविंद वालेकर ने सोमवार रात में छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती उत्सव के बाद शिवाजी चौक पर कहा है. कार्यक्रम के लिए नए भरती के कार्यकर्ता नहीं चाहिए. हमारे पास पुराने कार्यकर्ता हैं, जो कि बालासाहेब ठाकरे के चाहने वाले कार्यकर्ता हैं. जो 80 फीसदी समाजकारण और 20 फीसदी राजकारण को अच्छी तरह जानते हैं.

सोमवार रात में शिवाजी चौक पर हजारों शिवसैनिक एवं शिवसेना कार्यकर्ता उपस्थित थे. जुलूस के बाद यहां पर आदिवासी बंधुओं ने अपनी कला को पेश किया. घोड़ों के नाच ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया था. शिवसेना पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने शिवजयंती उत्सव को सफल बनाने के लिए प्रयास किया. पूर्व नगराध्यक्षा मनिषा वालेकर, राजेंद्र वालेकर, सलील झवेरी, निखिल वालेकर, नीता परदेसी, पद्माकर दिघे, मिलिंद गान, दीपक पवार आदि उपस्थित थे. शिवसेना शिंदे के दूसरे गुट के नेता इस शिवजयंती उत्सव में शामिल नहीं हुए. इसलिए शायद अरविंद वालेकर ने उनका नाम ना लेते हुए उन्हें टोला मारा है कि कार्यक्रम करने के लिए बाजुओं में दम होना चाहिए, जो हमारे पास है.

# उल्हासनगर बस दुर्घटना में घायल को 1.39 करोड़ का मुआवजा

**कल्याण.** सात साल पहले, कल्याण-अहिल्यानगर मार्ग पर मुरबाड के पास सावर्णे गांव में एक निजी बस चालक की लापरवाही के कारण उल्हासनगर के एक यात्री को अपना हाथ खोना पड़ा था। इस दुर्घटना मामले में प्रभावित यात्री ने मोटर दुर्घटना न्यायाधिकरण में दावा दायर किया था। इस मामले में निजी बस के मालिक और वाहन की बीमा कंपनी को संयुक्त रूप से प्रभावित यात्री को 1.39 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का आदेश मोटर दुर्घटना अपराध न्यायाधिकरण के अध्यक्ष एस. बी. अग्रवाल ने दिया है.



घायल यात्री का नाम महेश मखीजा है। बस दुर्घटना में महेश का बायां हाथ कंधे से अलग हो गया। उनका इलाज बॉम्बे अस्पताल में किया गया। इस मामले में महेश मखीजा ने लग्जरी बस के मालिक रियाज मोहम्मद और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को प्रतिवादी बनाया था। तीनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने पुलिस रिपोर्ट, पुख्ता सबूतों, अस्पताल के इलाज के दस्तावेजों और डॉक्टरों की रिपोर्ट के आधार पर पीड़िता को 1.39 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। यह राशि बीमा कंपनी द्वारा पहले प्रभावित व्यक्ति को भुगतान की जानी चाहिए। न्यायाधिकरण ने अपने आदेश में कहा कि कंपनी को यह राशि बस मालिक से वसूलनी चाहिए।

इस मामले में महेश मखीजा की ओर से एड. पी. वी. आगवणे, दोनों प्रतिवादियों की ओर से एड. मेहताब पठान, एड. के. वी पुजारी ने मामले पर बहस की। बस का मालिक रियाज मोहम्मद संभाजीनगर जिले के पैठण तालुका के चटगांव का निवासी है। प्रतिवादियों ने विभिन्न कारणों का हवाला देते हुए मुआवजे का विरोध किया। न्यायाधिकरण ने उनके दावों को खारिज कर दिया।

### क्या है मामला...?

- महेश मखीजा दिसंबर 2019 में रात में एक निजी लक्जरी बस में कल्याण से अहिल्यानगर की यात्रा कर रहे थे। उनकी बस मुरबाड तालुका के टोकावडे गांव के पास सावर्णे क्षेत्र से गुजर रही थी। रात करीब डेढ़ बजे बस चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया। बस ओमकार होटल की दीवार से टकरा गई।
- अचानक हुई इस दुर्घटना से यात्री स्तब्ध रह गए। दुर्घटना में महेश मखीजा को गंभीर चोट लगी और उनका बायां हाथ कंधे से अलग हो गया। उनका इलाज मुंबई के बॉम्बे अस्पताल में चल रहा था। इस इलाज पर उन्होंने करीब नौ लाख रुपये खर्च किए थे। उन्होंने कुछ खर्च स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से चुकाया।
- न्यायाधिकरण ने प्रतिवादियों को शेष राशि 3 लाख 98 हजार रुपए अदा करने का आदेश दिया। महेश मखीजा एक निजी कंपनी में सेल्स मैनेजर थे। अपना हाथ खोने का मतलब यह होता कि उसे अपनी नौकरी और भावी जीवन में आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता।
- दुर्घटना के बाद से महेश की सेवानिवृत्ति की अवधि को ध्यान में रखते हुए न्यायाधिकरण ने प्रतिवादियों को 1.39 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## भारत-न्यूजीलैंड के बीच संभावनाएं

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों के दौर में भारत और न्यूजीलैंड के बीच सहयोग की जो नई संभावनाएं बनी हैं, वे कई लिहाज से महत्त्वपूर्ण हैं। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान सोमवार को दोनों देशों के बीच रक्षा, शिक्षा, खेल, बागवानी, वानिकी के क्षेत्रों में अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते की ओर कदम बढ़ाने का निर्णय लिया गया, ताकि आपसी व्यापार और निवेश की संभावनाओं को बढ़ावा दिया जा सके।

रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत और संस्थागत बनाने के फैसले के तहत संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण के साथ-साथ रक्षा उद्योग में सहयोग की संभावनाएं बनाई जाएंगी। कूटनीति के समांतर सौहार्द के मोर्चे को भी मजबूत करने के लिए अगले वर्ष दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के सौ वर्ष पूरा होने का उत्सव मनाने का भी निर्णय लिया गया है।

आतंकवाद, अलगाववाद और कट्टरपंथ वैश्विक स्तर पर आज जटिल समस्या बन चुके हैं। ऐसे में सीमित स्तर पर ही सही, न्यूजीलैंड में कुछ अवांछित तत्त्व जिस तरह भारत के खिलाफ अपनी गतिविधियां चलाते रहे हैं, वह एक बड़ी चिंता का कारण रहा है। हालांकि ऐसे अवैध तत्त्वों के खिलाफ न्यूजीलैंड सरकार ने कार्रवाई की है, लेकिन अब इस मसले पर सहयोग को और मजबूत करने की कोशिश होगी। ऐसे में भारत और न्यूजीलैंड के बीच साझेदारी आतंकवाद के खिलाफ युद्ध की एक अहम कड़ी है।

इसके अलावा, भारत और न्यूजीलैंड के बीच समूचे हिंद-प्रशांत जैसे बड़े क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति और इसके विकास में सहयोग के मुद्दे सहित रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से उपजे परिणामों के मसले पर पहले से संभावनाओं की तलाश जारी थी, लेकिन दोनों देशों के बीच हुई ताजा वार्ता के बाद सहयोग के मोर्चे पर तस्वीर ज्यादा साफ हुई है। भारत के लिहाज से यह समझौता इसलिए ज्यादा मायने रखता है कि फिलहाल वैश्विक महाशक्ति माने जाने वाले देशों के बीच जिस स्तर की कूटनीतिक खींचतान चल रही है, उसमें भारत के लिए अपनी स्थिति को अलग-अलग स्तर पर मजबूत करना वक्त का तकाजा है।

# बहुजन वाली राजनीति अब स्वजनों की महत्वाकांक्षा में फंस गई

लगभग तीन दशक पहले जिस बहुजन समाज पार्टी यानी बसपा की राजनीति ने देश को चौंकाया था, वह मायावती के स्वजनों की महत्वाकांक्षा में फंसकर रह गई लगती है। बसपा संस्थापक कांशीराम ने बहुजन समाज की राजनीति पर बल दिया था। मायावती की मेहनत ने उसे सत्ता-सिंहासन तक भी कई बार पहुंचाया, लेकिन अब उनकी राजनीति स्वजनों के दायरे से बाहर नहीं देखती।

उत्तराधिकार को लेकर स्वजनों में सत्ता संघर्ष के बीच मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को बाहर का रास्ता दिखाते हुए अपने भाई आनंद कुमार तथा राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम को नेशनल कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया, पर फिर आनंद कुमार की जगह सहारनपुर निवासी रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोऑर्डिनेटर बना दिया।

2 मार्च को आकाश आनंद को सभी पदों और जिम्मेदारियों से मुक्त कर आनंद कुमार और रामजी गौतम को नेशनल कोऑर्डिनेटर नियुक्त करते हुए मायावती ने स्पष्ट किया कि मेरा कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। सभी पदों और जिम्मेदारियों से मुक्त करने पर प्रतिक्रिया में आकाश ने 'एक्स' हैंडल पर जो पोस्ट किया, उससे खफा होकर मायावती ने उन्हें बसपा से ही निकाल दिया और कहा कि 'आकाश को पश्चाताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी, लेकिन उसने जो प्रतिक्रिया दी, वह राजनीतिक मैच्योरिटी नहीं है। वह अपने ससुर के प्रभाव में स्वार्थी और अहंकारी हो गया है।'



आकाश ने टिप्पणी की थी कि 'बहन जी का हर फैसला मेरे लिए पत्थर की लकीर जैसा है। मैं उनके हर फैसले के साथ खड़ा हूं। परीक्षा कठिन और लड़ाई लंबी है। बहुजन मिशन और मूवमेंट के एक सच्चे कार्यकर्ता की तरह मैं पार्टी और मिशन के लिए पूरी निष्ठा से काम करता रहूंगा। आखिरी सांस तक अपने समाज के हक की लड़ाई लड़ता रहूंगा।' इस टिप्पणी में मायावती को चुनौती के तेवर दिखे।

मायावती की अस्थिर राजनीति के मद्देनजर भविष्य का आकलन आसान नहीं, पर घटनाक्रम बताता है कि कभी बहुजन के नाम पर शुरू राजनीति अब स्वजनों की महत्वाकांक्षा और सत्ता संघर्ष में फंस गई है। बेशक मायावती ने दावा किया कि उनके लिए पार्टी और आंदोलन पहले है, परिवार और रिश्ते बाद में, लेकिन अभी तक का उनका आचरण उसके उलट ही नजर आता है।

सत्ता-गलियारों में प्रवेश करने वाली बसपा ने शायद ही कोई दल हो, जिससे दोस्ती न की हो। बाकी दल भी सत्ता के खेल में पाक दामन नहीं हैं, लेकिन वे 'मूवमेंट' होने का दावा भी नहीं करते। उत्तर प्रदेश में सत्ता की मुख्य खिलाड़ी रही बसपा कई राज्यों में सत्ता के समीकरण बनाने-बिगाड़ने की हैसियत में पहुंच गई थी, लेकिन फिर वह लगातार सिकुड़ती गई।

बसपा में कभी किसी नेता को 'नंबर दो' की हैसियत नहीं मिली। किसी ने वैसी गलतफहमी पाली तो उसे बाहर का रास्ता देखना पड़ा। सतीश चंद्र मिश्र इस मामले में अपवाद नजर आते हैं, पर पुराने दिग्गज बसपा की दुर्दशा का सबसे बड़ा कारण उन्हें ही मानते हैं। कभी कांशीराम या मायावती के विश्वस्त माने गए आरके चौधरी, नसीमुद्दीन, स्वामी प्रसाद मौर्य और इंद्रजीत सरोज सरीखे नेता, जो अब दूसरे दलों में हैं, बसपा के पतन का कारण बहुजन से भटक कर 'धनवानों' और 'स्वजनों' की पार्टी बन जाना भी मानते हैं।

मायावती के छोटे भाई आनंद कुमार काफी समय से बसपा में सक्रिय हैं, लेकिन भतीजे आकाश पहली बार 2017 में सहारनपुर की रैली में अपनी बुआ के साथ दिखे। 2019 में आकाश को नेशनल कोऑर्डिनेटर बना दिया गया। तब 2019 के लोकसभा चुनाव में हुआ सपा और बसपा का गठबंधन टूट गया था। लंदन से एमबीए करने वाले आकाश की शादी बसपा के पूर्व राज्यसभा सदस्य अशोक सिद्धार्थ की बेटी प्रज्ञा से हुई है।

मायावती ने 12 फरवरी को अशोक सिद्धार्थ और उनके करीबी नितिन सिंह को अनुशासनहीनता और गुटबाजी के आरोप में बसपा से निकाल दिया था। उन्होंने 16 फरवरी को आकाश को भी अल्टीमेटम दिया था कि बसपा का वास्तविक उत्तराधिकारी वही होगा, जो कांशीराम की तरह हर दुख-तकलीफ उठा कर पार्टी के लिए आखिरी सांस तक जी-जान लगा कर लड़े और पार्टी 'मूवमेंट' को आगे बढ़ाता रहे।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

एक-एक करके, ईंट-ईंट करके, हम शांतिपूर्ण विश्व का निर्माण कर सकते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# अपनी ही आग में झुलस रहा पाकिस्तान

पाकिस्तान इन दिनों अपनी ही आग में झुलस रहा है। उधर बलूचिस्तान प्रांत में उसे बलूच विद्रोहियों से कड़ी चुनौती मिल रही है, तो इधर पाक सेना के तैयार किए आतंकवादियों को निशाना बनाया जाने लगा है। लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर जिया-उर-रहमान की पाकिस्तान में हत्या इस बात का संकेत है कि आतंकवाद खुद पाकिस्तान के लिए नासूर बन चुका है। छिपी बात नहीं है कि पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजंसी आइएसआइ आतंकवादी संगठनों को इस इरादे से संरक्षण देते रहे हैं कि उनके जरिए भारत में अशांति फैलाई जा सके। मगर वही आतंकी अब उसके लिए मुश्किलें खड़ी करने लगे हैं।

तमाम सबूतों से जाहिर है कि लश्कर जैसे आतंकी संगठनों के नेताओं को वहां की सरकार कड़े पहरे और सुरक्षा घेरे में रखती है। जिन संगठनों और आतंकियों को विश्व भर में प्रतिबंधित किया जा चुका है, उन्हें भी वह पोसती है। छिपी बात नहीं है कि हाफिज सईद ने भारत में अनेक आतंकी हमलों की साजिश रची थी, पर पाकिस्तानी हुकूमत इसे मानने को तैयार नहीं। उसने हाफिज को कड़ा सुरक्षा घेरा मुहैया करा रखा है। ताजा घटना में मारा गया जिया-उर-रहमान हाफिज का खास कमांडर था और उसे भी पाकिस्तानी सेना ने कड़ी सुरक्षा दे रखी थी।

खबर है कि जिया-उर-रहमान के मारे जाने के बाद पाकिस्तान सरकार के माथे पर बल पड़ गए हैं। वहां की सेना ने हाफिज सईद की सुरक्षा बढ़ा दी है। रहमान जम्मू-कश्मीर में अनेक आतंकी गतिविधियों का साजिशकर्ता था। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा एजंसी ने उसे वांछितों की सूची में डाल रखा था। मगर



पाकिस्तानी सेना की कड़ी सुरक्षा में सेंध लगा कर अगर रहमान को मार डाला गया, तो जाहिर है, वहां ऐसे संगठन तैयार हो चुके हैं, जो सरकारी सुरक्षा वाले आतंकी संगठनों को चुनौती देने लगे हैं।

भारत लगातार कहता और सबूत पेश करता रहा है कि पाकिस्तान दहशतगर्दी का कारखाना बन चुका है। मगर उस पर कभी गंभीरता से अंकुश लगाने की अंतरराष्ट्रीय कोशिश नहीं हुई। पहले अमेरिका उसके दहशतगर्दों का बचाव करता था, अब चीन करने लगा है। जब भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाने की बात उठती है, तो चीन अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल कर उसे बचा लेता है। इसलिए कि पाकिस्तान से उसके स्वार्थ जुड़े हैं। मगर पाकिस्तान खुद यह समझना नहीं चाहता कि आतंकवाद को पोसने का खमियाजा सबसे अधिक उसे ही उठाना पड़ रहा है। इसी महीने आई विश्व आतंकवाद से संबंधित रपट में खुलासा हुआ कि दुनिया में सबसे अधिक आतंकवाद से प्रभावित देश पाकिस्तान है।

पाकिस्तान इन दिनों सबसे खराब माली हालत से गुजर रहा है। वहां शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सेवाएं बुरी तरह चरमरा चुकी हैं। वहां की आम अवाम आटे-दाल के लिए संघर्ष कर रही है। मगर पाकिस्तानी हुकूमत का ध्यान मुल्क की माली हालत बेहतर करने के बजाय चीन की इमदाद पर अधिक है। इसका तीखा विरोध उसे बलूचिस्तान प्रांत में झेलना पड़ रहा है।

पाकिस्तान के बाकी हिस्सों में भी गहरा असंतोष है। ऐसे में आतंकवादियों को पोसने पर पाकिस्तानी सेना का खर्च लोगों की आंखों में चुभ रहा है। इस कयास से इनकार नहीं किया जा सकता कि ऐसे ही किसी विद्रोही गुट ने वहां पल रहे आतंकवादी संगठनों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। अगर पाकिस्तान इसी तरह आग से खेलता रहा, तो वह और झुलसेगा।

# 85 मीटर लंबी, ये है दुनिया की सबसे छोटी अंतरराष्ट्रीय सीमा

**जरा हट के**

अगर आपसे पूछा जाए कि दुनिया का सबसे लंबा इंटरनेशनल बॉर्डर किन दो देशों के बीच है, तो आपका जवाब कनाडा और अमेरिका होगा. ये दोनों देश एक-दूसरे से सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय शेयर करते हैं. लेकिन धरती पर सबसे छोटा इंटरनेशनल बॉर्डर कौन सा है? यह किन दो देशों के बीच है? तो बहुत कम लोगों को इसका जवाब पता होगा. ऐसे में आपको बता दें कि दुनिया की सबसे छोटी सीमा केवल 85 मीटर की है, जो स्पेन और मोरक्को को जोड़ती है. आपको जानकर हैरानी होगी, लेकिन यह एक छोटी चट्टान से जुड़ी है. इस चट्टान का नाम पेनोन दे वेलेज दे ला गोमेरा है, जो उत्तरी अफ्रीका में है. यह चट्टान बहुत खास है, क्योंकि यह दुनिया की सबसे छोटी राष्ट्रीय सीमा का हिस्सा है. इस चट्टान का क्षेत्रफल करीब 19,000 वर्ग मीटर है. सन 1564 में स्पेन के एक सेनापति पेड्रो दे एस्टोपिनन ने इस पर कब्जा किया था, तब से यह स्पेन का हिस्सा है.




मोरक्को ने कई बार इसे अपना बताया, लेकिन स्पेन ने कभी इसे छोड़ा नहीं. वहां स्पेन के सैनिक रहते हैं जो इसकी रक्षा करते हैं. बता दें कि स्पेन का जमीनी बॉर्डर करीब 2000 किलोमीटर लंबा है. यह अंतरराष्ट्रीय सीमा पुर्तगाल और फ्रांस से लगती है. लेकिन स्पेन के पास कई देशों से जुड़ी हुई छोटी सीमाएं भी हैं, जैसे अंडोरा, जिब्राल्टर (यूनाइटेड किंगडम) और मोरक्को के साथ. इनमें से मोरक्को के साथ 85 मीटर की सीमा सबसे छोटी है. यह सीमा पेनोन दे वेलेज को मोरक्को के तट से जोड़ती है. यह चट्टान स्पेन के उन खास इलाकों में से एक है, जो उत्तरी अफ्रीका में हैं. इनमें सेउटा, मेलिला, पेनोन दे अल्हुसेमास, चफारिनास द्वीप और इस्ला दे पेरेजिल भी शामिल हैं. यह स्पेन के अधीन हैं, लेकिन इन्हें पूरा देश नहीं माना जाता.

पहले यह चट्टान एक आइलैंड था. सन 1934 में एक भूकंप आया और उसने एक छोटा रास्ता बना दिया, जिसके बाद यह द्वीप एक प्रायद्वीप बन गया. तब से यह 85 मीटर की सीमा दुनिया की सबसे छोटी सीमा कहलाती है.

# करेले की चटनी

**खाना-खजाना**

करेला उन सुपरफूड़ में से एक है, जो डायबिटीज के मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं, लेकिन समस्या यह है कि इसका कड़वा स्वाद हर किसी को पसंद नहीं आता। अगर आप भी करेले के फायदों का मजा लेना चाहते हैं, लेकिन कड़वाहट से बचना चाहते हैं, तो इसकी स्पेशल चटनी आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। यह टेस्टी भी है और सेहतमंद भी। चलिए, जानते हैं करेले की इस जबरदस्त चटनी की रेसिपी जो आपके ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करेगी।

**सामग्री :**

1 बड़ा करेला (बारीक कटा हुआ)
2-3 हरी मिर्च (स्वादानुसार)
4-5 लहसुन की कलियां
1 छोटा टुकड़ा अदरक
½ कप ताजा धनिया पत्ता
1 चम्मच नींबू का रस
1 चम्मच सरसों के बीज
½ चम्मच हल्दी पाउडर
½ चम्मच जीरा पाउडर
1 चम्मच तिल (सेसमे सी*)
1 चम्मच नारियल कद्दूकस किया हुआ (ऑप्शनल)
1 चम्मच सरसों का तेल

**विधि :**



करेले की चटनी बनाने के लिए सबसे पहले करेले को अच्छे से धोकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब इसे हल्का सा नमक लगाकर 10-15 मिनट के लिए रख दें। इससे इसकी कड़वाहट काफी हद तक कम हो जाएगी। तय समय के बाद इसे पानी से धो लें और हल्का निचोड़ लें। इसके बाद एक पैन में सरसों का तेल गर्म करें और उसमें सरसों के बीज डालें। जब बीज चटकने लगे, तो इसमें लहसुन, अदरक, हरी मिर्च और तिल डालकर 1-2 मिनट तक भूनें।

अब इसमें कटे हुए करेले डालें और धीमी आंच पर 5-7 मिनट तक भूनें। इसके बाद इसमें हल्दी, जीरा पाउडर और थोड़ा सा नमक डालें और अच्छी तरह मिलाएं। अगर आप नारियल का स्वाद पसंद करते हैं, तो इसमें कद्दूकस किया हुआ नारियल डाल सकते हैं। करेले के मिश्रण को ठंडा होने दें और फिर मिक्सी में डालें। इसमें ताजा धनिया पत्ता और नींबू का रस डालें और बिना पानी मिलाए दरदरा पीस लें। जरूरत हो तो थोड़ा सा पानी मिलाकर स्मूद पेस्ट बना लें।

# वेट लॉस के लिए गेहूं के आटे में मिला लें ये आटा

वजन कम करना आज के समय में एक बड़ी समस्या बन चुकी है। खराब लाइफस्टाइल, अनहेल्दी डाइट और एक्सरसाइज की कमी के कारण मोटापा एक आम समस्या बन गया है। हालांकि, वजन कम करने के लिए डाइट पर ध्यान देना सबसे जरूरी है। गेहूं का आटा, जिसका इस्तेमाल हमारे घरों में रोजाना ही होता है, इसे थोड़ा सा हेल्दी बनाकर आप अपने वेट लॉस के गोल्स को आसानी से पूरा कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि आटे में किन 5 चीजों को मिलाकर आप अपना वजन कम कर सकते हैं।



### ■ चोकर (ब्रान)

चोकर यानी ब्रान, गेहूं के ऊपरी परत को कहा जाता है, जिसे अक्सर आटे को साफ करते समय अलग कर दिया जाता है। लेकिन चोकर फाइबर से भरपूर होता है, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में मदद करता है। इसे आटे में मिलाने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है और अनहेल्दी स्नैक्स खाने की इच्छा कम होती है। इसके अलावा, चोकर में कैलोरी की मात्रा कम होती है, जो वजन कम करने में सहायक है।

### ■ रागी का आटा

रागी का आटा कैल्शियम, आयरन और फाइबर से भरपूर होता है। यह वजन कम करने के साथ-साथ हड्डियों को मजबूत बनाने में भी मदद करता है। रागी के आटे को गेहूं के आटे के साथ मिलाकर इस्तेमाल करने से यह शरीर के एक्स्ट्रा फैट को कम करता है और पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है। इसके अलावा, यह डायबिटीज के मरीजों के लिए भी फायदेमंद है।

### ■ ज्वार का आटा

ज्वार का आटा ग्लूटेन-फ्री और पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है, जो पाचन को बेहतर बनाता है और वजन घटाने में मदद करता है। ज्वार के आटे को गेहूं के आटे के साथ मिलाकर इस्तेमाल करने से यह न सिर्फ सेहतमंद होता है, बल्कि इससे बनी रोटियां भी स्वादिष्ट लगती हैं। यह ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में भी मदद करता है।

### ■ बाजरे का आटा

बाजरा एक और पौष्टिक अनाज है, जो वजन कम करने में काफी मददगार साबित होता है। इसमें प्रोटीन, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। बाजरे के आटे को गेहूं के आटे के साथ मिलाकर इस्तेमाल करने से यह मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है और शरीर में जमा एक्स्ट्रा फैट को कम करने में मददगार होता है। इसके अलावा, यह शरीर को एनर्जी भी देता है, जिससे आप लंबे समय तक एक्टिव रहते हैं।

### ■ सोयाबीन का आटा

सोयाबीन का आटा प्रोटीन का एक बेहतरीन सोर्स है। इसे गेहूं के आटे में मिलाकर इस्तेमाल करने से यह मसल्स को मजबूत बनाता है और फैट को कम करने में मदद करता है। सोयाबीन में मौजूद प्रोटीन शरीर को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराता है, जिससे ओवरईटिंग की समस्या कम होती है। इसके अलावा, यह कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल रखने में भी सहायक है।

## आज का राशिफल

**मेष :** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा।

**वृषभ :** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन :** दुःखद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क :** भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा।

**सिंह :** घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या :** यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

**तुला :** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी।

**वृश्चिक :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**धनु :** नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर :** किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें।

**कुंभ :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे।

**मीन :** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# क्या आपके बच्चे का भी बढ़ रहा वजन?



आजकल लोगों में तेजी से मोटापा बढ़ रहा है। इसके लिए वे कई तरह के उपाय कर रहे हैं। कोई जिम जा रहा है तो कोई डाइट रूटीन फॉलो कर रहा है। हालांकि अब मोटापा सर्फि बड़ों तक ही सीमित नहीं रहा है। बच्चे भी मोटापे से ग्रसति हो रहे हैं। इससे उनका शारीरिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। बच्चों का वजन कम करने में माता-पिता की भूमकि अहम होती है। वे ही अपने बच्चों की लाइफस्टाइल और डाइट को सुधार कर उनके जीवन को बेहतर कर सकते हैं।

### इस कारण बढ़ता है बच्चों का वजन

आपने देखा होगा कि बच्चे जंक फूड खाना बेहद पसंद करते हैं। यही कारण है कि कम उम्र से ही उनका वजन बढ़ने लगता है। इसके साथ ही उन्हें कई तरह की बीमारियां भी घेर लेती हैं। अब बच्चे दिनभर मोबाइल पर लगे रहते हैं। बाहर खेलने न जाने से भी उनमें मोटापे की समस्या देखने को मलिती है। कई बार बच्चे कुछ ज्यादा ही डाइट लेने लगते हैं। ऐसे में भी उनका वजन बढ़ सकता है।

### बच्चों का वजन कम करने को माता-पिता ध्यान रखें ये बातें

- माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों को आउटडोर गेम्स खेलने के लिए प्रोत्साहित करें। बलिकुल भी मोबाइल न दें। बच्चों को घर पर डांस और एक्सरसाइज जैसी कुछ फिजिकल एक्टिविटीज करवा सकते हैं। इससे वेट लॉस में मदद मिलेगी।
- बच्चों को फल, सब्जियां, साबुत अनाज और प्रोटीन युक्त आहार के महत्व के बारे में बताएं। इसके अलावा बच्चों को सर्फि घर का बना खाना ही खाने के लिए दें। जंक फूड से होने वाले नुकसान के बारे में भी बच्चों को बताएं।
- इसके अलावा टीवी, कंप्यूटर और मोबाइल फोन के इस्तेमाल को भी सीमित कर दें। स्क्रीन टाइम के बजाय बच्चों को रचनात्मक और शारीरिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित करें।
- आप हमेशा बच्चों के साथ खुलकर बात करें। उनकी भावनाओं को समझें। अगर वे अपने वजन को लेकर परेशान हैं तो उन्हें सपोर्ट करें।
- बच्चों को नियमित रूप से ब्रेकफास्ट करने की सलाह दें। नाश्ते में उन्हें राजमा, ब्रोकली, मटर, फूड ग्रेन पास्ता और ओटमील जैसी चीजें खाने के लिए दें। फ्रेश फ्रूट्स भी एड कर सकते हैं।
- बच्चों को 7-8 घंटे की भरपूर नींद लेने की सलाह दें। इससे न सिर्फ बच्चों का वजन कम होगा बल्कि बच्चे फ्रेश और एक्टिव भी महसूस करेंगे।

# बेली फैट कम करने में तुलसी है फायदेमंद



तुलसी में एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने वाले गुण पाए जाते हैं। यह शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करती है और वेट लॉस की प्रक्रिया को तेज करती है। तुलसी के पत्तों में मौजूद फाइटोन्यूट्रिएंट्स शरीर के फैट को बर्न करने और उसे एनर्जी में बदलने में मददगार होते हैं।

### ■ तुलसी की चाय

तुलसी की चाय पीने से मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और फैट बर्न करने की प्रक्रिया तेज होती है। इसे बनाने के लिए 8-10 तुलसी के पत्तों को पानी में उबालें। इसमें थोड़ा-सा शहद और नींबू का रस मिलाकर पिएं। यह चाय न केवल वजन घटाने में मदद करती है, बल्कि पाचन तंत्र को भी मजबूत बनाती है।

### ■ तुलसी और शहद

तुलसी के पत्तों का रस निकालकर उसमें शहद मिलाएं और सुबह खाली पेट इसे पिएं। यह शरीर के टॉक्सिन्स को बाहर निकालता है और फैट बर्न करने में मदद करता है। इसके नियमित रूप से पीने से बेली फैट कम होता है।

### ■ तुलसी और अदरक का काढ़ा

तुलसी के पत्तों और अदरक को पानी में उबालकर काढ़ा बनाएं। इसमें थोड़ा-सा शहद मिलाकर पिएं। यह काढ़ा मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है और पेट की चर्बी को कम करने में सहायक होता है।

### ■ तुलसी के पत्ते चबाना

रोजाना सुबह खाली पेट 4-5 तुलसी के पत्ते चबाने से भी बेली फैट कम करने में मदद मिलती है। तुलसी के पत्ते पाचन को दुरुस्त करते हैं और शरीर में जमा एक्स्ट्रा फैट को कम करते हैं।

### ■ तुलसी और दालचीनी का पानी

तुलसी के पत्तों और दालचीनी को पानी में उबालकर इस पानी को पिएं। यह पानी शरीर के मेटाबॉलिज्म को तेज करता है और बेली फैट को कम करने में प्रभावी होता है।

### ■ और भी हैं कई फायदे

तुलसी न केवल बेली फैट कम करने में मदद करती है, बल्कि यह शरीर को कई अन्य फायदे भी पहुंचाती है। यह इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाती है, तनाव को कम करती है और त्वचा को स्वस्थ रखती है। इसके अलावा, तुलसी के पत्ते ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने और कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी मददगार होते हैं।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास'

## खबरें गांव की...

### मैनपुरी हत्याकांड में प्रेमिका और उसके प्रेमी को सजा-ए-मौत, फूट-फूट कर रोए दोनों दोषी

**मैनपुरी।** करहल क्षेत्र के गांव ननमई में पांच मई 2024 हुई नरेंद्र कुमार की हत्या में प्रेमिका और उसके प्रेमी को न्यायालय ने फांसी की सजा सुनाई है। फैसला आते ही दोनों दोषी फफक- फफक कर रोने लगे। करहल थाना क्षेत्र के गांव राउरी चमनपुरा निवासी नरेंद्र कुमार के गांव नानमई निवासी मनु देवी से प्रेम संबंध थे। दोनों के बीच रुपए का लेनदेन भी चलता था। पांच मई 2024 को मनु देवी ने बर्थडे पार्टी का बहाना करके नरेंद्र को अपने यहां बुला लिया। इस बीच महिला का दूसरा प्रेमी अभय उर्फ भूरा निवासी गढ़िया भी वहां पहुंच गया। तभी दोनों के बीच विवाद होने लगा। विवाद के दौरान अभय और मनु ने मिलकर नरेंद्र की हत्या कर शव को गांव के निकट तालाब किनारे फेंक दिया था। स्वजन ने शव बरामद करने के बाद केस दर्ज कराया।

### शताब्दी एक्सप्रेस में होली खेलने वाले 8 आउटसोर्स कर्मी बर्खास्त, सुपरवाइजर का ट्रांसफर

**कानपुर।** नई दिल्ली से कानपुर सेंट्रल शताब्दी एक्सप्रेस के कोच में होली खेलकर गंदगी फैलाने वाले पैंट्रीकार व सफाई करने वाले आठ आउटसोर्स कर्मचारी बर्खास्त कर दिए गए। प्राथमिक रिपोर्ट के आधार पर आउटसोर्स कंपनी ने यह कार्रवाई की है। ट्रेन सुपरवाइजर का तबादला करने के साथ टीटीई को भी हटा दिया गया। कई और कर्मचारियों पर भी कार्रवाई हो सकती है। प्रयागराज स्थित रेलवे न्यायालय जरिये सभी कर्मियों से जुर्माना वसूला जाएगा। आरोपियों ने ट्रेन के भीतर रंग खेलने के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कयिा था।

### 'नीचे ना उतरबू तव हमका जेल होई जाई'

**लालापुर।** बसहरा तरहार गांव में सोमवार सुबह लगभग 11:30 बजे लोगों में खलबली मच गई, जब एक महिला ट्रांसमिशन पावर लाइन के करीब 40 मीटर ऊंचे टावर पर चढ़ गई। पति से विवाद के बाद नाराज होकर उसने यह कदम उठाया। एसीपी बारा, तहसीलदार के साथ ही लालापुर पुलिस महिला को समझाने में लगी थी। शाम करीब चार बजे वह नीचे उतरी तो महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत ठीक बताई। बसहरा तरहार के अजय कुमार पटेल की पत्नी वंदना के बीच सोमवार सुबह किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसके बाद करीब 11 बजे अजय कहीं निकल गया। 10 मिनट बाद वंदना घर से निकली और लगभग आधा किलोमीटर दूर स्थित खेत में पहुंच गई। यहां ट्रांसमिशन पावर लाइन गुजरी है, जिसके लिए करीब 40 मीटर ऊंचा टावर लगा है। वंदना टावर पर चढ़ गई। पत्नी को टावर पर चढ़ने की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचा पति अजय कुमार रोने-बिलखने लगा। दो वर्षीय पुत्री सृष्टि की दुहाई देने लगा। बोला, 'वंदना नीचे उतरि आवा आज के बाद जैसे तू कहबू वईसन ही करब। नीचे ना उतरबू तव हमका जेल होई जाई'।

# औरंगजेब कब्र विवाद- हिंसा के बाद नागपुर में कर्फ्यू

- दो समुदायों में पथराव-आगजनी,
- घर-गाड़ियां तोड़ीं
- DCP पर कुल्हाड़ी से हमला





**नागपुर.** औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग को लेकर सोमवार को महाराष्ट्र में हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान नागपुर में विश्व हिंदू परिषद (VHP) ने गोबर के कंडों से भरा एक हरे रंग का कपड़ा जला दिया। VHP के मुताबिक, ये औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र थी।

इस घटना का वीडियो वायरल हो गया। देर शाम 7:30 बजे नागपुर के महाल इलाके में हिंसा भड़क गई। इसके बाद पथराव और तोड़फोड़ शुरू हो गई। उपद्रवियों ने घरों पर पथराव किया और सड़क पर खड़े दर्जनों वाहनों में तोड़फोड़-आगजनी की।

पुलिस पर भी हमला किया गया। DCP निकेतन कदम कुल्हाड़ी के हमले से घायल हो गए। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। रात 10.30 बजे से 11.30 बजे के बीच ओल्ड भंडारा रोड के पास हंसपुरी इलाके में एक और झड़प हुई।

पुलिस कमिश्नर रविंद्र सिंघल ने बताया कि 11 इलाकों कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकड़गंज, पचपावली, शांतिनगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामवाड़ा, यशोधरानगर और कपिलनगर में में कर्फ्यू लगाया गया है।

महाराष्ट्र के मंत्री योगेश कदम ने मंगलवार को बताया कि 47 लोगों को हिरासत में लिया गया है। 12 से 14 पुलिस कर्मियों को चोटें आई हैं, 2-3 नागरिक भी घायल हैं। हिंसा के कारणों की जांच की जा रही है।

### सीएम ने घायल DCP से वीडियो कॉल पर बात की

मंगलवार को सीएम देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में बताया कि नागपुर हिंसा को लेकर 5 FIR दर्ज की गई है। वहीं, 31 पुलिसकर्मी और 7 नागरिक घायल हुए हैं। फडणवीस ने कुल्हाड़ी के हमले से घायल DCP निकेतन कदम से वीडियो कॉल पर बात भी की।

### मुंबई के मुस्लिम बहुल इलाकों में सुरक्षा बढ़ी

हिंसा के बाद शहर के गणेशपेठ, लकड़गंज, पचपावली, शांतिनगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामवाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर में कर्फ्यू लगाया गया है। इसके अलावा मुंबई में भी पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# 4 घंटे बाद ED ऑफिस से निकलीं राबड़ी

- अफसरों ने पूछा- जमीन के बदले जिन्हें नौकरी दी गई उन्हें कैसे जानती हैं

**पटना.** लैंड फॉर जॉब केस में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से मंगलवार को पटना के ED ऑफिस में करीब 4 घंटे तक पूछताछ हुई। करीब पौने 3 बजे राबड़ी देवी ED ऑफिस से बाहर निकलीं।

मंगलवार सुबह करीब 10.50 बजे राबड़ी देवी अपनी बड़ी बेटी मीसा भारती के साथ पटना के ED दफ्तर पहुंची थीं। दोनों एक ही गाड़ी में थीं।

### राबड़ी देवी से ED के सवाल



- तेजस्वी यादव ने न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी वाला बंगला कैसे लिया।
- सगुना मोड़ वाले अपार्टमेंट की जमीन कैसे खरीदी गई। पैसे कहां से आए। निर्माण कब शुरू हुआ।
- आपके नाम से जो जमीन है, वो कैसे अर्जित की गई है।
- जिन लोगों से नौकरी के बदले जमीन ली गई उनको आप कैसे जानती हैं।
- आप उन लोगों से पहली बार कब मिलीं।
- उन लोगों को नौकरी देने के लिए आपने क्यों पैरवी की।

दोपहर करीब 12 बजे तेजप्रताप यादव भी ED ऑफिस पहुंचे। तेजप्रताप को पहली बार जमीन के बदले नौकरी मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया।

लालू यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप से पूछताछ जारी है। राबड़ी और तेजप्रताप दोनों से अलग-अलग कमरों में बिठाकर पूछताछ की गई।

इसके बाद ED ने राबड़ी देवी से पूछा- क्या आप लंच करेंगी। पूर्व CM ने इसका जवाब हां में दिया। ED के अफसरों ने कहा कि लंच कर लीजिए। कोई दवा लेनी हो तो वो भी ले लीजिए। पूछताछ के दौरान टीम ने राबड़ी से चाय और पानी का भी पूछती रही।

जानकारी के मुताबिक, ED ने लालू यादव को भी कल यानी 19 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। पटना ED ऑफिस के बाहर सुबह से ही RJD नेताओं का जमावड़ा लगा हुआ है। केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी हो रही है।

# 74 लावारिस पड़े वाहनों के मालिकों से पुलिस की अपील

- 7 दिन के भीतर ले जाएं वाहन
- अन्यथा कानूनी तरीके से की जाएगी स्क्रैप

**उल्हासनगर.** सेंट्रल पुलिस स्टेशन ने 74 लावारिस वाहनों के मूल मालिकों का पता लगाने के लिए एक अपील की है. पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जाहिर किया है कि सेंट्रल पुलिस के पास 74 लावारिस वाहन पड़े हुए हैं. वाहनों के मूल मालिकों से अपील की गई है कि अपने वाहन के दस्तावेजों के साथ 7 दिनों के भीतर सेंट्रल पुलिस स्टेशन से संपर्क करना चाहिए और अपने वाहन की जानकारी के दस्तावेजों का सत्यापन करने के बाद अपने वाहन ले जाने चाहिए। यदि 7 दिनों के भीतर इन वाहनों का कोई भी मालिक सेंट्रल पुलिस स्टेशन नहीं आता है, तो वाहनों का कानूनी तरीके से निपटान किया जाएगा।

**लावारिस हालत में पड़े वाहनों का विवरण/जानकारी इस प्रकार है:**

| Sr. No. | Vehicle Register Number | Vehicle Make Company | Vehicle Model | Vehicle Colour | Engine Number | Chesis Number |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MH 05 BT 0431 | HONDA | ACTIVA | WHIGHT | JF50E-7-0058558 | ME4J501BD70585026 |
| 2 | MH 05 BV 8244 | HONDA | ACTIVA | White | JF50E8036764 | ME4JF501GD8368351 |
| 3 | MH 05 CJ 0507 | HONDA | ACTIVA | GREY | JF50E-71287509 | NO |
| 4 | MH 05 BK 4851 | BAJAJ | PULSER | BLACK | DHGBVA28118 | MD2DHDHZZVCA64786 |
| 5 | MH 05 AN 2194 | HIRO HONDA | Passion PLUS | RED BLACK | HA10EB8GB25329 | MBLHA10EL8GB27080 |
| 6 | MH 05 BA 2063 | BAJAJ | PULSER | Black | DHGBUA05929 | NO |
| 7 | MH 05 DG 5321 | HONDA | SHINE | BLACK | NO | ME4JC654EH7096688 |
| 8 | MH 05 AW 4886 | HONDA | TWISTOR | BLACK | NO | ME4JC472BB8106307 |
| 9 | MH 05 BB 5533 | HIRO HONDA | KARIZMA | BLACK | MC38EBBGH00334 | NO |
| 10 | MH 05 BT 2746 | HONDA | AVIATOR | Black | JF21E-9402166 | N0 |
| 11 | MH 05 DJ 5317 | HONDA | ACTIVA | SILVER | JF50E-U-5362194 | NO |
| 12 | MH 05 FH 9934 | TVS | NTORQ | BLACK | AK3KP2X10221 | NO |
| 13 | MH 05 BX 3806 | HONDA | SHINE | GREY | NO | ME4JC36JJD7614924 |
| 14 | MH 05 AK 3903 | HONDA | ACTIVA | BLACK | JF08E-8846401 | NO |
| 15 | MH 43 CD 6568 | HONDA | UNICORN | GREY | NO | NO |
| 16 | GJ 23 AP 2975 | HONDA | ACTIVA | WHIGHT | JF50E-70472417 | NO |
| 17 | GJ 01 MB 4314 | Suzuki | Access | Silver | F486-6324136 | NO |
| 18 | RJ 13 BS 5384 | HONDA | ACTIVA | WHIGHT | JF50E-U-9087212 | NO |
| 19 | OR 02 AG 0948 | Bajaj | CT 100 | Black | DUMBMC92961 | DUFBMC15665 |
| 20 | MH 46 AW 0356 | TVS | JUPITER | BROWN | BG4HG2300596 | NO |
| 21 | MH 12 ND 6595 | HONDA | ACTIVA | WHIGHT | JF50E-U-3170679 | NO |
| 22 | KL 37 D 8296 | HONDA | GRAZIA | WHIGHT | JF49E-U-3260872 | NO |
| 23 | GJ 01 EJ 0509 | HONDA | Activa | SILVER | JF08E-8030450 | NO |
| 24 | MH 04 EZ 4627 | HONDA | DEO | PERPAL | JF11E4129412 | ME4JF118GB8129398 |
| 25 | MH 46 BJ 7185 | TVS | JUPITER | GOLDEN | EG4CJ1125394 | NO |
| 26 | NO | HONDA | Activa(SANGADA) | BLACK | NO | NO |
| 27 | NO | HONDA | Activa(CHESIS) | NO | NO | NO |
| 28 | NO | HONDA | Activa(CHESIS) | NO | NO | NO |
| 29 | NO | CHESIS | CHESIS | NO | NO | NO |
| 30 | NO | CHESIS | CHESIS | NO | NO | NO |
| 31 | NO | CHESIS | CHESIS | NO | NO | NO |
| 32 | NO | BAJAJ | KTM | ORENG BLACK | NO | NO |
| 33 | NO | Bajaj | CALIBER | RED | NO | NO |
| 34 | NO | Bajaj | CITY 100 | NO | NO | NO |
| 35 | NO | HONDA | Activa | NO | NO | NO |
| 36 | NO | HONDA | Activa | Silver | NO | NO |
| 37 | NO | Bajaj | SPIRIT(CHESIS) | NO | NO | NO |
| 38 | NO | HONDA | (CHESIS) | NO | NO | NO |
| 39 | NO | HONDA | Activa(CHESIS) | BLACK | NO | NO |
| 40 | NO | TVS | STAR CT | NO | NO | NO |
| 41 | NO | SUZUKI | Access | BLACK | NO | NO |
| 42 | NO | Suzuki | NO | NO | NO | NO |
| 43 | NO | TVS | NO | NO | NO | NO |
| 44 | NO | HERO HONDA | PASSON PRO | NO | NO | NO |
| 45 | NO | HONDA | ACTIVA | RED | NO | NO |
| 46 | NO | HONDA | ACTIVA | BLACK | NO | NO |
| 47 | NO | BAJAJ | CHESIS | NO | NO | NO |
| 48 | NO | Suzuki | Access | RED | NO | NO |
| 49 | NO | BAJAJ | PULSER | RED | NO | NO |
| 50 | NO | BAJAJ | PLATINA | BLACK | NO | NO |
| 51 | NO | HANDA | UNICORN | GREY | NO | NO |
| 52 | NO | Suzuki | Access | GREY | NO | NO |
| 53 | NO | BAJAJ | PULSER | NO | NO | NO |
| 54 | NO | HONDA | DREMYUGA | NO | NO | NO |
| 55 | NO | HONDA | ACTIVA | GREY | NO | NO |
| 56 | NO | HONDA | ACTIVA | BLACK | NO | NO |
| 57 | NO | Honda | ACTIVA | GREY | NO | NO |
| 58 | NO | HONDA | SHINE | BLACK | NO | NO |
| 59 | NO | HONDA | ACTIVA | White | NO | NO |
| 60 | NO | BAJAJ | PULSER | RED BLACK | NO | NO |
| 61 | NO | BAJAJ | PULSER | RED | NO | NO |
| 62 | NO | HONDA | ACTIVA | BLACK | NO | NO |
| 63 | NO | HERO | CBZ | GREY | NO | NO |
| 64 | NO | BAJAJ | PULSER | RED | NO | NO |
| 65 | NO | HONDA | ACTIVA | GREY | NO | NO |
| 66 | NO | HONDA | ACTIVA | GREY | NO | NO |
| 67 | NO | HONDA | ACTIVA | GREY | NO | NO |
| 68 | NO | BAJAJ | PULSER | BLUE | NO | NO |
| 69 | NO | HONDA | ACTIVA | GREY | NO | NO |
| 70 | NO | HONDA | ACTIVA | GREY | NO | NO |
| 71 | NO | HONDA | ACTIVA | SILVER GREY | NO | NO |
| 72 | NO | HONDA | ACTIVA | NO | NO | NO |
| 73 | NO | BAJAJ | CHESIS | NO | NO | NO |
| 74 | NO | BAJAJ | BOXER | RED | NO | NO |

# मतदान से जुड़े आंकड़ों के आने में नहीं होगी देरी : चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़ों के आने में देरी पर राजनीतिक दलों की ओर से उठाए जा रहे सवालों से निपटने के लिए चुनाव आयोग ने एक अहम कदम उठाया है। जिसमें किसी भी मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या अब 1200 से अधिक नहीं रहेंगी।

आयोग ने सभी राज्यों से ऐसे मतदान केंद्रों की पहचान करने और मतदाताओं की संख्या को अधिकतम 1200 तक ही सीमित करने के निर्देश दिए है। आयोग का मानना है कि इससे सभी मतदान केंद्रों पर तय समय के भीतर ही मतदान समाप्त हो जाएगा और सभी के समय पर आंकड़ें भी आ सकेंगे।

### बिहार विधानसभा में दिखेगी नई व्यवस्था

आयोग से जुड़े उच्चपदस्थ सूत्रों की मानें तो आने वाली बिहार विधानसभा चुनाव में इसे सख्ती से अमल में लाया जाएगा। ताकि चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत के आंकड़ों को लेकर किसी भी तरह का संदेह पैदा न हो सके। आयोग की मानें तो मौजूदा समय में देश में बड़ी संख्या में ऐसे मतदान केंद्र है, जहां मतदाताओं की संख्या 15 सौ या उससे भी अधिक है।

ऐसे में इन मतदान केंद्रों पर तय समय में मतदान अभी पूरा नहीं हो पाता है। समय खत्म हो जाने के बाद भी ऐसे मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी-लंबी लाइनें लगी रहती है। आयोग की इस पहल




से अब यह समस्या खत्म होगी। साथ ही मतदाताओं को भी लंबी लाइनों में नहीं लगना पड़ेगा।

### देश में 10 लाख से ज्यादा मतदान केंद्र

मौजूदा समय में देश में साढ़े दस लाख से अधिक मतदान केंद्र है। माना जा रहा है कि आयोग की इस पहल के बाद आने वाले में देश में मतदान केंद्रों की संख्या और बढ़ेगी। आयोग के मुताबिक हाल ही में सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के बुलाए गए सम्मेलन में राजनीतिक दलों की ओर से मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़ों को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर लंबी चर्चा की गई।

### राजनीतिक दलों ने लोकसभा चुनाव में उठाए थे सवाल

साथ ही इसके पीछे के कारण को समझा गया। आयोग से जुड़े. अधिकारियों के मुताबिक राज्यों ने इसके पीछे मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की अधिक संख्या होना बताया। इसके बाद ही आयोग ने यह निर्देश दिए है।

# अमेरिकी अरबपति के बेंगलुरु स्थित NGO पर ED की रेड

- FEMA उल्लंघन का आरोप
- सोरोस ने PM मोदी को अलोकतांत्रिक कहा था

**बेंगलुरु.** प्रधानमंत्री मोदी को अलोकतांत्रिक कहने वाले अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस से जुड़े NGO पर रेड हुई है। बेंगलुरु स्थित जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन, ओपन सोरोस फाउंडेशन (OSF) और एमनेस्टी इंटरनेशनल के दफ्तरों पर ED ने छापा मारा।

एजेंसी ने एमनेस्टी और ह्यूमन राइट्स वॉच (HRW) के पूर्व-वर्तमान कर्मचारियों के घरों की भी तलाशी ली। रिपोर्ट्स के मुताबिक ED की कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (FEMA) के उल्लंघन को लेकर हुई। छापे को लेकर OSF की तरफ से फिलहाल आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।



एमनेस्टी इंटरनेशनल ने दिसंबर 2020 में ही भारत में अपनी एक्टिविटी बंद कर दी थी। संस्था के बैंक खाते अवैध विदेशी फंडिंग के आरोप के चलते फ्रीज भी किए गए थे।

एमनेस्टी और ह्यूमन राइट्स वॉच (HRW) पर ओपन सोरोस फाउंडेशन (OSF) से फंडिंग मिलने का आरोप है। इस मामले में CBI इनके खिलाफ चार्जशीट फाइल कर चुकी है। अब ED इसकी जांच कर रही है।

### प्रधानमंत्री मोदी के विरोधी रहे हैं जॉर्ज सोरोस

जॉर्ज सोरोस का जन्म 12 अगस्त, 1930 को हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में हुआ था। जॉर्ज पर दुनिया के कई देशों की राजनीति और समाज को प्रभावित करने का एजेंडा चलाने का आरोप है। सोरोस की संस्था 'ओपन सोसाइटी फाउंडेशन' ने 1999 में पहली बार भारत में एंट्री की।

### इजरायल के ताजा हमले में हमास के कई मंत्रियों की मौत

गाजा में इजरायल के हवाई हमलों में हमास के कई प्रमुख नेता मारे गए हैं. हमले में हमास की सरकार के प्रमुख, महमूद अबू वाटफा भी मारे गए हैं, जो आंतरिक मंत्रालय के महानिदेशक थे. इनके अलावा, हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य अबू ओबैदा मोहम्मद अल-जमासी और इस्साम अ-दालीस भी इनमें शामिल थे. हमास के आंतरिक सुरक्षा प्रमुख बहजत अबू सुल्तान और न्याय मंत्रालय के महानिदेशक अबू अम्र अल-हत्ता भी इन हमलों के शिकार बने हैं. इजरायली सेना द्वारा गाजा पर किए गए इन हमलों ने 413 से अधिक फिलिस्तीनियों की जान ले ली, जिसमें बच्चों की बड़ी संख्या शामिल है.

# 22 मार्च से इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 18वें सीजन की शुरुआत

- प्लेऑफ स्टेज 20 मई को शुरू होगा
- इस दिन क्वालिफायर-1 खेला जाएगा
- 21 मई को एलिमिनेटर, 23 मई को क्वालिफायर-2
- 25 मई को फाइनल



22 मार्च से इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 18वें सीजन की शुरुआत हो रही है। पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के बीच ईडन गार्डन्स स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से होगा। ओपनिंग सेरेमनी भी कोलकाता में ही होगी।

10 ही टीमें हिस्सा ले रही हैं। BCCI ने 2022 में टीमों को 8 से बढ़ाकर 10 कर दिया था। तब से लीग में 10 टीमें ही खेल रही हैं। 10 टीमों को 5-5 के दो ग्रुप में बांटा गया है। हर टीम अपने ग्रुप की 4 टीमों से 2-2 मैच खेलेगी, जबकि दूसरे ग्रुप की 4 टीमों से एक-एक और पांचवीं टीम से 2 मैच खेलेगी। मान लीजिए ग्रुप-ए की टीम CSK अपने ग्रुप में KKR, RR, RCB और PBKS से 2-2 मैच खेलेगी। वहीं, दूसरे ग्रुप-बी की एक टीम मुंबई के खिलाफ चेन्नई के 2 मैच होंगे, वहीं हैदराबाद, गुजरात, दिल्ली और लखनऊ के खिलाफ 1-1 मैच होगा।

सबसे ज्यादा 9-9 मुकाबले कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम और हैदराबाद के राजीव गांधी उप्पल इंटरनेशनल स्टेडियम में होंगे। यहां टीम के 7 होम मैचों के अलावा प्लेऑफ के 2-2 मुकाबले भी होंगे।

लीग के दौरान शनिवार और रविवार को डबल हेडर मैच होते हैं। डबल हेडर यानी कि एक दिन में दो मुकाबले। इस बार 12 डबल हेडर होंगे। 22 मार्च से हर दिन




मैच खेले जाएंगे। 18 मई को ग्रुप स्टेज खत्म होगा। प्लेऑफ के दौरान 19, 22 और 24 मई को मैच नहीं होंगे।

18वें सीजन का पहला डबल हेडर 23 मार्च को होगा। दोपहर 3.30 बजे से SRH और RR हैदराबाद में भिड़ेंगी। वहीं शाम 7.30 बजे से मुंबई और चेन्नई के बीच मुकाबला खेला जाएगा। मार्च में इसके बाद 30 तारीख को ही डबल हेडर होगा।

अप्रैल में 5, 6, 12, 13, 19, 20 और 27 तारीख को एक दिन में 2 मैच होंगे। वहीं मई में 4, 11 और 18 तारीख को डबल हेडर खेले जाएंगे। सभी डबल हेडर शनिवार या रविवार को ही होंगे।

प्लेऑफ स्टेज 20 मई को शुरू होगा, इस दिन क्वालिफायर-1 खेला जाएगा। फिर 21 मई को एलिमिनेटर, 23 मई को क्वालिफायर-2 होगा। फिर 25 मई को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

# 'वक्फ बिल पर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश'




- जगदंबिका पाल ने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को घेरा

**नई दिल्ली.** भाजपा सांसद और वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने विधेयक के खिलाफ योजनाबद्ध विरोध के लिए ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) की आलोचना की है। उन्होंने दावा किया कि इससे विभाजन पैदा हो सकता है और संसद के कानून बनाने के अधिकार को चुनौती मिल सकती है।

### लोगों को भ्रमित करने की कोशिश

वक्फ बिल पर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि एआईएमपीएलबी ने पहले ही समिति के समक्ष अपनी चिंताएं प्रस्तुत कर दी थीं और रिपोर्ट में उन बिंदुओं पर विचार किया गया है। इतना ही नहीं, हमने इसे अपनी रिपोर्ट का हिस्सा भी बनाया है तो फिर वे दिल्ली में जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन क्यों कर रहे हैं?

### महिलाओं और विधवाओं को मिलेगा लाभ

संशोधन के बाद एक बेहतर कानून बनने जा रहा है। गरीबों, महिलाओं, विधवाओं और बच्चों को भी वक्फ का लाभ मिलेगा। उन्होंने मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। पाल ने कहा कि अगर वे इस वक्फ (संशोधन) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने जा रहे हैं तो कहीं न कहीं वे देश के लोगों में नफरत पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

उनके द्वारा उठाया गया यह कदम लोकतांत्रिक नहीं है। वहीं, एआईएमपीएलबी के प्रवक्ता सैयद कासिम रसूल इलियास ने दावा किया कि सरकार का उद्देश्य हिंदुओं और मुसलमानों के बीच विभाजन पैदा करना और देश में अशांति भड़काना है।

# समझौते से खत्म होंगे इनकम टैक्स के मुकदमे

- ED और CBI जांच कर रही तो भी मिलेगी राहत

**नई दिल्ली.** इनकम टैक्स विवादित मामलों को पूरी तरह से निपटाने के लिए तैयार है। इनकम टैक्स से जुड़े सभी अपराधों को समझौते से खत्म करने (कंपाउंडिंग ऑफ आर्फेस) योग्य बना दिया गया है। यहां तक कि अगर इनकम टैक्स से जुड़े अपराध में ईडी और सीबीआई भी छानबीन कर रही है तो उस अपराध को भी समझौते के साथ विभाग समाप्त कर सकता है।

यहां तक कि किसी को इनकम टैक्स कानून के अन्य प्रविधान के




तहत दो या उससे अधिक साल के कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है, वैसे अपराधी भी समझौते के साथ अपने अपराध माफी के लिए आवेदन कर सकेंगे।

### समझौते से समाप्त होगा हर अपराध

इनकम टैक्स विभाग की तरफ से एक सर्कुलर जारी किया गया। हालांकि विभागीय अपराधों को समझौते से खत्म करने योग्य बनाने के संबंध में पिछले साल 17 अक्टूबर को दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। हालांकि लोगों को इसकी जानकारी पूरी तरह से नहीं मिल पाई थी। सोमवार को जारी सर्कुलर में साफ कहा गया है कि इनकम टैक्स कानून के अंतर्गत अब ऐसा कोई अपराध नहीं रहा, जिसे समझौते के साथ समाप्त नहीं किया जा सकता है।

विभाग के मुताबिक कंपाउंडिंग ऑफ आर्फेस एक मैकेनिज्म है जो अपराध करने वाले को एक निश्चित धनराशि के भुगतान के साथ उसे तमाम वैधानिक पचड़ों के साथ अपराध से मुक्त करने का अवसर देता है।

### तुलसी ने हिंदुओं के उत्पीड़न पर खोली पोल

**ढाका.** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की ओर से अल्पसंख्यक समुदायों के कथित उत्पीड़न पर दी गई टिप्पणी को खारिज किया है. सरकार का कहना है कि यह बयान "बिना किसी साक्ष्य या ठोस आरोप के" दिया गया है. दरअसल, सोमवार आधी रात को फेसबुक पर पोस्ट किए गए एक बयान में, बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस के कार्यालय ने कहा कि गबार्ड की टिप्पणियां "पूरे देश की छवि को गलत तरीके से पेश कर रही हैं."

### आम सूचना

हम श्री सुनील टोपणदास चांडवाणी व श्री अनिल हरीराम कुकरेजा सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 101 पूरा और 102 पार्ट, मेघ मल्हार को.आप. हाउसिंग सो.लि., रुम नं. 11-12, बैरक नं. 1377, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 41सीआय012877500 (फुल) 41सीआय012877500 (पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती जूली भगवानदास तेजवाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट 9.12.2024 सी.नं. 27/05 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 15 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सुनील टोपणदास चांडवाणी**
**व श्री अनिल हरीराम कुकरेजा**

## संक्षेप...

### अनधिकृत शौचालय बनाने वालों पर हो कार्रवाई

**कल्याण-** केंद्र सरकार की स्वच्छ भारत अभियान योजना के तहत मनपा मुख्यालय के निकास द्वार पर शौचालय बनाए जाने का चंद्रकांत भोईर ने विरोध किया है। इस बारे में भोईर ने मनपा आयुक्त को पत्र लिखकर दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही करने की मांग की है।

मनपा आयुक्त को लिखे पत्र में रूपेश भोईर ने कहा है कि मनपा मुख्यालय के निकास द्वार को छोटा कर वहां सार्वजनिक शौचालय बनाने वाले अधिकारियों ने मनपा मुख्यालय के मंजूर नक्शे में अवैध रूप से हेरफेर किया है। जो कि मनपा अधिनियम के अनुसार गलत है।

# 'जो औरंगजेब का महिमामंडन कर रहे, वे देशद्रोही'

- डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का बयान
- छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया



**कल्याण.** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि जो लोग अभी भी औरंगजेब की प्रशंसा कर रहे हैं, वे 'देशद्रोही' हैं। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने राज्य पर कब्जा करने की कोशिश की थी और कई अत्याचार किए थे। वहीं दूसरी ओर, मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज 'दिव्य शक्ति' थे, जो वीरता, बलिदान और हिंदुत्व की भावना के प्रतीक हैं। शिंदे ने सोमवार रात 'शिव जयंती' के अवसर पर ये बात कही। शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने ठाणे जिले के डोंबिवली इलाके के घारदा चौक पर शिवाजी महाराज की घोड़े पर सवार प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान अपने संबोधन में शिंदे ने कहा कि यह प्रतिमा मराठा राजा की विरासत, उनके साहस और नेतृत्व का सम्मान करने के लिए स्थापित की गई है। महाराष्ट्र में इन दिनों औरंगजेब की कब्र हटाने का मुद्दा गरमाया हुआ है और दक्षिणपंथी संगठन मुगल बादशाह औरंगजेब की छत्रपति संभाजी नगर जिले में स्थित कब्र को हटाने की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर ही सोमवार की रात नागपुर में हिंसा हुई, जिसमें कई लोग घायल हुए थे।

### 'औरंगजेब के प्रशंसक देशद्रोही'

- शिंदे ने कहा कि शिवाजी महाराज न केवल हिंदुत्व और भारतीय गौरव के प्रतीक थे, बल्कि 'लोकतंत्र के आविष्कारक भी थे। शिवसेना नेता ने महाराष्ट्र के खिलाफ औरंगजेब के अत्याचारों, विशेष रूप से शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज की निर्मम हत्या की भी निंदा की। उन्होंने कहा कि 'औरंगजेब महाराष्ट्र पर कब्जा करने आया था, लेकिन उसे शिवाजी महाराज की दिव्य शक्ति का सामना करना पड़ा। जो लोग अभी भी उनकी प्रशंसा करते हैं, वे देशद्रोही के अलावा कुछ नहीं हैं। छत्रपति शिवाजी अखंड भारत का गौरव और हिंदुत्व की गर्जना हैं। शिवाजी महाराज एक दूरदर्शी नेता, युगपुरुष, न्याय के प्रवर्तक और आम लोगों के राजा थे।'
- उपमुख्यमंत्री ने लोगों से अपने जीवन में शिवाजी महाराज के कम से कम एक गुण को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि यही महान मराठा शासक को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि यह प्रतिमा महाराष्ट्र के गौरवशाली इतिहास की निरंतर याद दिलाएगी और युवाओं तथा भावी पीढ़ियों को शिवाजी महाराज के वीरता तथा शासन के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। शिंदे ने साथ ही घारदा चौक का नाम बदलकर छत्रपति शिवाजी महाराज चौक करने का भी एलान किया।

## चैत्र नवरात्र उत्सव मंडप का भूमिपूजन डिप्टी सीएम के हाथों



उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** धर्मवीर आनंद दिघे के सभी शुरू किए गए हर परंपरा को आज भी महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में चल रही है।वही हर साल के चैत्र नवरात्र उत्सव धर्मवीर आनंद दिघे ने शुरू किया था।अब यह उत्सव डिप्टी सीएम शिंदे के नेतृत्व में भव्य रूप से किया जायेगा।आज चैत्र नवरात्र उत्सव मंडप का भूमि पूजन डिप्टी सीएम शिंदे के हाथों से पूजा अर्चना कर किया गया।इस अवसर पर सांसद नरेश म्हस्के, पूर्व विधायक रवींद्र फाटक,परिवहन सभापति विलास जोशी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं शिवसैनिक मौजूद थे।

## उर्स शहीद-ए-राहे मदीना आयोजित



**मुंबई.** काइद-ए-कौमे मिल्लत, पीर-ए-तारीकत अल्लामा शाह सैयद अनवर अशरफ उर्फ मुसन्ना मियां की याद में 22वां सालाना उर्स शहीद-ए-राहे मदीना हर वर्ष आयोजित किया जाता है।

इस बार उर्स के मौके पर सांसद अरविंद सावंत, प्रो वर्षा गायकवाड, संजय पाटील, पूर्व मंत्री मोहम्मद आरिफ़ नसीम खान, छगन भुजबल, डॉ जितेंद्र आव्हाड, शिवसेना विधायक सचिन अहिर, अमीन पटेल, पंकज भुजबल, भाई जगताप, मनोज जामसूतकर, एड यूसुफ अब्राहनी, जीशान सिद्दीकी, आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली, डॉ माचिसवाला, प्रो अब्दुल कादर, इब्राहिम भाईजान, सईद नूरी, निजामुद्दीन राईन, हाजी अराफत शेख, वरिष्ठ पत्रकार अनुराग त्रिपाठी, अकरम खान, बाबू बत्तेली, अबु स्वालेह आदि उपस्थित थे।

मौलाना सैयद मोईनुद्दीन अशरफ के मार्गदर्शन में पिछले 22 वर्षों से ग्रँटरोड के बिलाल मस्जिद स्थित ईदगाह मैदान में यह उर्स शहीद-ए-राहे मदीना आयोजित किया जाता हैं। हर क्षेत्र से जुड़े सामाजिक सरोकार रखनेवाले मान्यवर न सिर्फ शामिल होते हैं बल्कि हजरत मोईन मियां द्वारा नशाखोरी के खिलाफ अभियान का हिस्सा बन जाते हैं।

इस उर्स की खासियत यह हैं कि हिंदुस्तान के कोने कोने से सूफी संत शामिल होते हैं। महाराष्ट्र के तमाम राजनीतिक दल के नेता भी शिरकत करते हैं। मस्जिदों के इमाम और दरगाह के उत्तराधिकारी विशेष तौर पर सम्मिलित होते हैं। महाराष्ट्र पुलिस के तमाम आला अफसर उर्स में उपस्थिति दर्ज कराते हैं।

## बच्ची के यौन उत्पीड़न मामले में दोषी को 20 साल का सश्रम कारावास

**ठाणे.** ठाणे जिले की एक विशेष अदालत ने छह साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न करने के मामले में एक व्यक्ति को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश डी. एस. देशमुख ने भयंदर निवासी 38 वर्षीय व्यक्ति को भारतीय दंड संहिता की धाराओं 376 (दुष्कर्म) एवं 376 (एबी) (बारह वर्ष से कम उम्र की लड़की से दुष्कर्म) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दोषी पाया।

लोक अभियोजक रेखा हिवराले ने कहा कि यह घटना 11 फरवरी 2021 को भयंदर की है। पीड़िता की मां जब काम से घर लौटी तो उसे पता लगा कि उसकी बेटी गायब है और उसे बताया गया कि उनका पड़ोसी (आरोपी) उनकी बेटी को कुछ खिलाने पिलाने के बहाने बाहर ले गया था। आरोपी के घर में बच्ची को 10 रुपए के दो नोट हाथ में लिए हुए पाया गया। बाद में उसने अपनी मां को बताया कि आरोपी ने उसे रुपये दिए, और उसे गलत तरीके से छुआ। आरोपी के खिलाफ एक शिकायत दर्ज की गई और उसके अगले दिन गिरफ्तार कर लिया गया। अदालत ने आदेश में कहा, ''बच्ची के यौन उत्पीड़न के कृत्य को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और ऐसे अपराधों से कठोर तरीके से निपटा जाना चाहिए।''

## लावारिस खड़े टेम्पो से 6 लाख 52 हजार का गांजा जब्त

**ठाणे.** ठाणे शहर में पुलिस ने लावारिस हालत में खड़े एक टेंपो से 6.52 लाख रुपये मूल्य का गांजा जब्त किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रेतीबंदर-शिलफाटा मार्ग पर 15 मार्च को पुलिस के कुछ कर्मियों ने लावारिस वाहन खड़ा देखा।

मुंब्रा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को टेंपो के अंदर भारी मात्रा में गांजा मिला, जिसकी कीमत 6.52 लाख रुपये थी और इस प्रतिबंधित पदार्थ का अवैध तरीके से परिवहन किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि वाहन को भी जब्त कर लिया गया है।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अधिकारियों ने टेंपो के मालिक तथा चालक का पता लगाने और क्षेत्र में मादक पदार्थ के सक्रिय नेटवर्क पर नकेल कसने के प्रयास तेज कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।


### आम सूचना

मैं श्री वसंत लक्ष्मण यादव सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, बैरक नं. 735 के पास, शास्त्री नगर, धोबीघाट, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 25बीओ01727800) यह संपत्ति मेरे पिताजी श्री लक्ष्मण लग्न यादव के नाम पर है उनका देहांत 20.10.2024 को हुआ और मेरी माताजी श्रीमती श्रीपत्ती लक्ष्मण यादव का देहांत 31.12.2024 को हुआ।श्री परमहंस लक्ष्मण यादव, श्री हरिवंश लक्ष्मण यादव, श्री इंद्रजीत लक्ष्मण यादव, श्री महंत लक्ष्मण यादव, सुमन यादव, श्रीमती कमला अवदेश यादव व श्रीमती चनरामी उर्फ विमला रामयन यादव ने रिलीज डीड दि. 12.3.2025 सी.नं. 105 द्वारा प्राप्त की है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री वसंत लक्ष्मण यादव**

### आम सूचना

मैं श्री वसंत लक्ष्मण यादव सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, बैरक नं. 735 के पास, शास्त्री नगर, धोबीघाट, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 25बीओ017278100) यह संपत्ति मेरे पिताजी श्री लक्ष्मण लग्न यादव के नाम पर है उनका देहांत 20.10.2024 को हुआ और मेरी माताजी श्रीमती श्रीपत्ती लक्ष्मण यादव का देहांत 31.12.2024 को हुआ।श्री परमहंस लक्ष्मण यादव, श्री हरिवंश लक्ष्मण यादव, श्री इंद्रजीत लक्ष्मण यादव, श्री महंत लक्ष्मण यादव, सुमन यादव, श्रीमती कमला अवदेश यादव व श्रीमती चनरामी उर्फ विमला रामयन यादव ने रिलीज डीड दि. 12.3.2025 सी.नं. 106 द्वारा प्राप्त की है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री वसंत लक्ष्मण यादव**



।। हरी ॐ ।।

|| चौथा ||

(पगड़ी रसम)



गुरु गुलराज साहेब कुट्टया की राज माता

**स्व. श्रीमती कविता सीरवानी**

दीपक (टोनी साईं) सीरवानी जी की माता जी

इनकी पगड़ी रसम 20-03-2025 को
शाम 5 से 6 बजे तक रखी गई है

**महिलाओं के लिए**
गुरु गुलराज साहेब कुट्टया, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-3

**पुरुषों के लिए,**
स्वामी धर्मदास दरबार, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-3
(केवल वॉक-इन)

सेवा में:
गुरु गुलराज साहेब सवा समिति


## पर्यावरण संरक्षण के लिए चौथे मियावाकी पार्क में वृक्षारोपण



उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** जहां जंगल के विनाश के कारण शहर में पर्यावरण तेजी से बिगड़ रहा है, वहीं अब पर्यावरण की रक्षा के लिए शहर में ठोस जंगल की अवधारणा सामने आ रही है.भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका जापानी उद्यान तकनीक का उपयोग करके म्हाडा कालोनी के स्वस्थ केंद्र के पास खाली जगह पर भिवंडी मनपा क्षेत्र में मियावाकी पार्क का निर्माण किया जा रहा है.आयुक्त अनमोल सागर ने म्हाडा कॉलोनी में स्वास्थ्य केंद्र के खुले स्थान पर एक पौधा लगाकर इसकी शुरुआत की, जिसे अहमदाबाद में कैच फाउंडेशन के सहयोग से स्थापित किया जा रहा है. इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त देवीदास पवार, विट्ठल डाके, कैच फाउंडेशन अध्यक्ष भरत सिसौदिया, भारत पीराम एवं वैक्सीन लि. कंपनी, मुंबई, अपूर्व पवार, उपायुक्त बालकृष्ण क्षीरसागर, मनपा उद्यान अधीक्षक नीलेश सांखे, स्थानीय वार्ड समिति क्रमांक 5 के सहायक आयुक्त बालाराम जाधव सहित मनपा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे.बता दें कि यह भिवंडी महानगर पालिका द्वारा बनाया जा रहा चौथा मियावाकी पार्क है.इससे पहले तीन मियावाकी पार्क नजराना कब्रिस्तान, कामतघर पार्क और फेनेगांव में बनाए गए हैं. पार्क में 35 स्थानीय प्रजातियों के 4000 पेड़ लगाए जाएंगे.मनपा कमिश्नर अनमोल सागर ने सामाजिक संस्थाओं द्वारा इस पार्क के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की पहल किये जाने की सराहना करते हुए नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण की पहल करने की अपील की है.

## शिव जयंती पर रही कार्यक्रमों की धूम

- गर्जा महाराष्ट्र की भारी गूंज से गूंजा भिवंडी शहर



उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी शहर के कोम्बड़पाड़ा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर इस वर्ष तिथि के अनुसार शिव जयंती मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. शहर के विभिन्न हिस्सों से आकर्षक जुलूस निकाला गया.शिवजयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ नेता कृष्णा राजय्या गाजेंगी के हाथों छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर आकर्षक ढंग से सजाए गए भव्य पंडाल में शिव प्रतिमा स्थापित की गई.

छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वारोही प्रतिमा का वंदन कर माल्यार्पण किया गया.उक्त अवसर पर शिव जयंती उत्सव समिति अध्यक्ष रूपेश म्हात्रे,भाजपा विधायक महेश चौगुले, कार्याध्यक्ष कृष्णा गाजेंगी, शिवसेना शहराध्यक्ष सुभाष माने, महिला आघाड़ी नेत्री वैशाली मेस्त्री, शिवसेना तालुका प्रमुख करसन ठाकरे,मनोज ग़गे सहित उत्सव समिति के पदाधिकारी और शिवप्रेमी नागरिक भारी तादाद में उपस्थित थे.

इसके बाद महिलाओं के लिए खेल पैठणी सहित विभिन्न आकर्षक गतिविधियों के माध्यम से उन्हें उपहार दिए गए.संगीत समूह 'गर्जा महाराष्ट्र' ने महाराष्ट्र की संस्कृति और छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन की घटनाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया.शहर के शिवाजी नगर से ढोल-नगाड़ों के बीच बग्गी में शिव प्रतिमा की शोभायात्रा निकाली गई.भव्य जुलूस में विभिन्न दलों के आकर्षक रथ एवं नागरिक शामिल थे.

## महाबोधि विहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन में निकला मोर्चा



उल्हास विकास संवाददाता

**मुंबई।** बिहार के गया में महाबोधि महाविहार को गैर-बौद्धों से मुक्त कराने की मांग को लेकर बौद्ध भिक्षुओं का अनशन जारी है। इसी को लेकर बुद्ध गया महाबोधि विहार मुक्ति मुलुंड विभाग संघर्ष समिति द्वारा एक शांति मोर्चा सोमवार को डंपिंग रोड स्थित भीम सेना बुद्ध विहार से निकल कर विभिन्न सड़कों से होकर यह मोर्चा तहसीलदार कार्यालय तक पहुंचा और यहां धरना दिया गया।

इस मोर्चे में शामिल भाई विलास निकाले ने कहा कि बौद्ध अनुयायी अपनी विरासत की रक्षा के लिए संघर्षरत हैं। महाबोधि विहार दुनिया भर के बौद्ध अनिवासियों के लिए पवित्र स्थल है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर पूरे बौद्ध समाज में आक्रोश है।

इस दौरान राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री के नाम का एक ज्ञापन मुलुंड तहसीलदार दिलीप रायनवर को सौंपा। इस शांति मोर्चे में भाई विलास निकाले,अजीत रणदिवे ,उमेश पवार , विजय देठे , विशाली माने,उत्कर्ष रूपवते व अन्य संघर्ष समिति पदाधिकारी, और कार्यकर्ता शामिल थे।






## अमिताभ हाईएस्ट टैक्स भरने वाले सेलिब्रिटी बने

- शाहरुख को पछाड़ा
- 120 करोड़ रुपए का भरा कर



अमिताभ बच्चन साल 2024-25 में सबसे ज्यादा टैक्स भुगतान करने वाले भारतीय सेलिब्रिटी बन गए हैं। एक्टर ने फाइनेंशियल ईयर 2024-25 में 120 करोड़ रुपए का टैक्स भरा है। बिग बी ने टैक्स भरने के मामले में एक्टर शाहरुख खान को पीछे छोड़ दिया है।

### 350 करोड़ की कमाई पर 120 करोड़ का टैक्स

इस साल अमिताभ बच्चन की कुल कमाई 350 करोड़ रुपए रही है। उन्होंने ये कमाई ब्रांड एंडोर्समेंट, फिल्में और कौन बनेगा करोड़पति शो के होस्ट के रुपए में कमाया है। इस शो के वो पिछले दो दशक से होस्ट हैं। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल एक्टर ने 71 करोड़ रुपए का टैक्स भरा था। इस साल के लिए एक्टर की तरफ से 15 मार्च 2025 को टैक्स की अंतिम किस्त 52.5 करोड़ रुपए भरी गई है।

### पिछले साल शाहरुख थे हाईएस्ट टैक्स पेयर

इस साल शाहरुख खान ने 84.17 करोड़ रुपये का एडवांस टैक्स चुकाया है। वहीं, सलमान खान ने 75 करोड़ रुपए और साउथ एक्टर थलपति विजय ने 80 करोड़ रुपए का टैक्स भुगतान किया है। बता दें कि पिछले फाइनेंशियल ईयर में शाहरुख खान ने 92 करोड़ रुपये का टैक्स दिया था। ऐसा करके वो सबसे बड़े भारतीय टैक्सपेयर सेलिब्रिटी बन गए थे।

### मुंबई में 5 आलीशान बंगलों के मालिक

अमिताभ बच्चन के मुंबई में पांच बंगले हैं। उनके 4 बंगलों के नाम जलसा, जनक, प्रतीक्षा, वत्स है। अमिताभ अपने परिवार के साथ मुंबई के जुहू इलाके में स्थित जलसा बंगले में रहते हैं। इस बंगले की कीमत लगभग 120 करोड़ रुपए बताई जाती है। ये बंगला निर्देशक रमेश सिप्पी ने बिग बी को फिल्म 'सत्ते पे सत्ता' के सफल होने पर भुगतान के रूप में दिया था।






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099